<u>हिंदी संस्कृत विभाग: एक रिपोर्ट</u>

भारतीय विद्या भवन मेहता विद्यालय हिंदी-संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं प्रचार में निरंतर प्रयासशील है |छात्रों में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करने एवं चारों भाषाई कौशलों के विकास हेतु विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है | इसी प्रयास के अंतर्गत सभी छात्रों के लिए हिंदी- संस्कृत सप्ताह , मुंशी स्मारक काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिंदी ओलिंपियाड एवं हिंदी –संस्कृत पठन सप्ताह का आयोजन किया जाता है| छात्र प्रतिवर्ष विभिन्न अन्तर्विद्यालयीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय को गौरवान्वित करते हैं| विद्यालय में छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक अनिवार्य रूप से संस्कृत पढ़ाई जाती है तथा नौवीं से बारहवीं तक वैकल्पिक रूप से संस्कृत शिक्षण होता है | संस्कृत भारती के तत्त्वाधान में दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन भी किया जाता है | नवमीं से बारहवीं कक्षा के विशेष योग्यता पाने वाले छात्रों को प्रतिभा पुरस्कार एवं छात्रवृत्ति से सम्मानित भी किया जाता है|